


**दशहरे की बधाई...कल अवकाश**
दशहरा पर्व पर सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं। कल अवकाश रहेगा। अगला अंक 04 अक्टूबर शनिवार को प्रकाशित होगा।
- संपादक

'राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे।। सहस्त्रनाम तत्तुल्यं रामनाम वरानने।।'

विजयादशमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 80 | इंदौर, गुरुवार 02 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## रावण..!!!

(संदर्भ :वाल्मीकि रामायण)

- बाबापंडित
(अनुष्ठानकर्ता -हरिकथा प्रेमी)
www.babapandit.com




**वर्तमान समय में कई लोग रावण को अच्छा मान रहे हैं उनका तर्क यह रहता है कि रावण सभी वेद शास्त्रों का ज्ञाता था इसलिए वह महान है**

चलिए जानते हैं वाल्मीकि रामायण के अनुसार रावण के क्या गुण थे।

'उसने तीनों लोकों के प्राणियों का नाक में दम कर रखा है। वह दुष्टात्मा जिनको कुछ ऊँची स्थिति में देखता है, उन्हींके साथ द्वेष करने लगता है। देवराज इन्द्र को परास्त करने की अभिलाषा रखता है॥ 8 ॥

(वाल्मीकि रामायण बालकांड)

ऋषियों, यक्षों, गन्धर्वों, असुरों तथा मनुष्यों को पीड़ा देता और उनका अपमान करता फिरता है ॥ 9॥

(बालकांड)

दशमुख रावण उच्छृङ्खल हो देवताओं, ऋषियों, यक्षों और गन्धर्वों के समूहों को मारने तथा पीड़ा देने लगा ॥ 8 ॥

(उत्तर कांड)

जो विचित्र उद्यान थे, उनमें जाकर दशानन अत्यन्त कुपित हो उन सबको उजाड़ देता था ॥ 9॥

वह राक्षस नदी में हाथी की भाँति क्रीडा करता हुआ उसकी धाराओं को छिन्न-भिन्न कर देता था। वृक्षों को वायु की भाँति झकझोरता हुआ उखाड़ फेंकता था और पर्वतों को इन्द्र के हाथ से छूटे हुए वज्र की भाँति तोड़-फोड़ डालता था ॥ 10 ॥

> एक बहुत सामान्य सी बात है कि आदमी ज्ञानी तभी कहलाता है जब वह उसे ज्ञान का उपयोग करें। सिर्फ ज्ञान को रखने से कुछ नहीं होता है उसको अगर हम जीवन में न उतर पाए तो हमारे ज्ञान की सार्थकता नहीं होती और वह प्रसिद्ध का कारण नहीं हो सकता।

उस राक्षस ने अपने हाथ से उस कन्या के केश पकड़ लिये॥ 27 1/2॥

लौटते समय दुरात्मा रावण बड़े हर्ष में भरा था। उसने मार्ग में अनेकानेक नरेशों, ऋषियों, देवताओं और दानवों की कन्याओं का अपहरण किया ॥ 1॥

वह राक्षस जिस कन्या अथवा स्त्री को दर्शनीय रूप-सौन्दर्य से युक्त देखता, उसके रक्षक बन्धुजनों का वध करके उसे विमान पर बिठाकर रोक लेता था ॥2॥

यह नीच निशाचर परायी स्त्रियों के साथ रमण करता है, इसलिये स्त्री के कारण ही इस दुर्बुद्धि राक्षस का वध होगा'॥ 20 1/2 ॥

ऐसा कहकर उस राक्षस ने रम्भा को बलपूर्वक शिला पर बैठा लिया और कामभोग में आसक्त हो उसके साथ समागम किया ॥ 40 1/2॥

'देव! मैं बारम्बार प्रार्थना करती ही रह गयी कि प्रभो! मैं आपकी पुत्रवधू हूँ, मुझे छोड़ दीजिये; किंतु उसने मेरी सारी बातें अनसुनी कर दीं और बलपूर्वक मेरे साथ अत्याचार किया ॥ 49 1/2 ॥

अस्तु विचारणीय दृष्टिकोण से ये सभी तथ्य रावण के व्यक्तित्व को परिभाषित करने के लिए पर्याप्त है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज इंदौर में डीआरपी लाइन में करेंगे शस्त्र पूजन

## पुलिस कमिश्नर और कलेक्टर ने व्यवस्थाओं का लिया जायजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। गुरुवार को विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। शहर कई जगह शस्त्रपूजन के आयोजन होंगे। इसे लेकर तैयारियां भी की जा रही है। इधर, गुरुवार को सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा इंदौर में शस्त्र पूजन करना संभावित है। इसे लेकर पुलिस-प्रशासन के आला अधिकारियों ने आज व्यवस्थाओं का जायजा लिया।**



बुधवार दोपहर में कलेक्टर शिवम वर्मा, पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह, निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव सहित पुलिस-प्रशासन के कई अधिकारी डीआरपी लाइन पहुंचे और यहां व्यवस्थाओं को देखा। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि बुधवार को डीआरपी लाइन में पुलिस कमिश्नर, निगमायुक्त सहित पुलिस की टीम ने व्यवस्थाओं को देखा। गुरवार को सीएम का यहां पर प्रोग्राम संभावित है। सीएम गुरुवार को यहां पर आकर सभी को मंगलकामनाएं देंगे और साथ ही शस्त्रपूजन भी करेंगे। इसकी सारी व्यवस्था देखी गई है। पूरी टीम इसमें लगी है। आरएसएस के पथ संचलन को लेकर कहा कि जिला प्रशासन और सभी विभागों की तैयारियां हो गई है। रूट और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने कहा कि कल शस्त्रपूजन का आयोजन यहां पर किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सीएम डॉ. मोहन यादव शामिल होंगे। उसी की तैयारियां को देखने के लिए यहां आए है। यहां तैयारियां चल रही है। गुरुवार को प्रोग्राम के पहले सारी तैयारियां पूरी हो जाएगी। दोपहर 2 बजे के करीब ये आयोजन होगा। आरएसएस के पथ संचलन के साथ ही अन्य आयोजनों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। जिसमें पुलिस के अधिकारी है। एक्स्ट्रा फोर्स को शामिल किया जाएगा। वॉलंटियर्स को भी इसमें शामिल किया जा रहा है।

# कंटेनर ने मारी बाइक को टक्कर, महिला की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर-देवास रोड पर पंचवटी कॉलोनी के पास सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी दो साल की बेटी घायल हो गई। हादसे के समय महिला अपने पति, भाई और दो बेटियों के साथ बाइक पर देवास टेकरी माता के दर्शन कर लौट रही थी। ओवरटेक के दौरान एक तेज रफ्तार कंटेनर ने बाइक को साइड से टक्कर मार दी, जिससे सभी सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद कंटेनर का ड्राइवर मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।**



लसूडिया पुलिस के अनुसार, हादसे में मृत महिला की पहचान राखी कलोसिया (30) के रूप में हुई है। उसकी दो साल की बेटी नेहारिका हादसे में घायल हुई है, जबकि पति भगवान सिंह और भाई मनीष को मामूली चोटें आई हैं। एक साल की बच्ची प्रियांशी हादसे में पूरी तरह सुरक्षित है। परिवार स्कीम नंबर 114, इंदौर का रहने वाला है। मंगलवार रात वे सभी देवास की माता टेकरी पर दर्शन करने गए थे। वापस लौटते समय राखी का भाई मनीष बाइक चला रहा था। उसके पीछे जीजा भगवान सिंह अपनी दो साल की बेटी को गोद में लेकर बैठे थे, जबकि राखी सबसे पीछे एक साल की बच्ची प्रियांशी को गोद में लेकर बैठी थी। रास्ते में हाईवे पर पीछे से आ रहे एक कंटेनर ने बाइक को ओवरटेक करने की कोशिश की। सामने से एक कार आने पर कंटेनर के ड्राइवर ने वाहन साइड में दबा दिया, जिससे सड़क किनारे चल रही मनीष की बाइक को पीछे से टक्कर लग गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक पर सवार पूरा परिवार सड़क पर गिर पड़ा।

# सराफा चौपाटी पर त्योहारी सीजन के बाद होगा बड़ा फैसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर की प्रसिद्ध रात्रिकालीन सराफा चौपाटी के नए स्वरूप को लेकर त्योहारी सीजन के बाद अहम बैठक होगी। इंदौर चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन के पदाधिकारी महापौर पुष्यमित्र भार्गव से मुलाकात कर चौपाटी के भविष्य पर चर्चा करेंगे। इस बैठक में दुकानों की संख्या, उनके स्थान और चौपाटी के समग्र प्रबंधन पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की उम्मीद है।




इंदौर चांदी-सोना जवाहरात व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष हुकुम सोनी के अनुसार, व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही महापौर से मिलेगा। उनकी प्रमुख मांग है कि सराफा चौपाटी में लगने वाली दुकानों की संख्या को 60 से 65 तक सीमित किया जाए। इसके साथ ही, यह भी सुनिश्चित करने का आग्रह किया जाएगा कि सभी दुकानें सड़क के एक ही तरफ लगाई जाएं, ताकि आगंतुकों को घूमने-फिरने में किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। व्यापारियों का यह भी कहना है कि चौपाटी में केवल पारंपरिक और वर्षों से लग रही दुकानों को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए। सराफा चौपाटी के सुचारू संचालन और प्रबंधन के लिए बनाई गई समिति की बैठक भी त्योहारी सीजन के बाद होने की संभावना है। यह समिति व्यापारियों द्वारा दिए गए सुझावों पर विचार करेगी और चौपाटी के नए नियमों को अंतिम रूप देने में अपनी भूमिका निभाएगी। इस बैठक के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि इंदौर की यह प्रसिद्ध चौपाटी भविष्य में किस स्वरूप में नजर आएगी।

# रिश्वत लेने वाले बाबू की होगी जांच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** रिश्वत लेने वाले निलंबित बाबू नरेंद्र नरवरिया की जिला प्रशासन इंटरनल जांच कराएगा और उस पर नियम अनुसार कार्रवाई भी की जाएगी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने बुधवार को यह बात कही है। इस बाबू का लोकायुक्त के ट्रैप दल ने मंगलवार को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा था। कलेक्टर ने कहा कि बाबू निलंबित है और दूसरी जगह अटैच है। फिर वह इस ऑफिस में क्या कर रहे थे, ये जांच का विषय है। हम इसमें इंटरनल जांच भी करा रहे हैं। बाबू के कथनों और लोकायुक्त से जो लेटर आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# कंटेनर अवैध रूप से मॉडिफाई किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तेजाजी नगर क्षेत्र में कुछ दिन पहले एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए इंडेक्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में जिस कंटेनर से टक्कर हुई, पुलिस ने उसे जब्त कर लिया। जांच में चौंकाने वाली बात सामने आई कि यह कंटेनर अवैध रूप से मॉडिफाई किया गया था।**

पुलिस के अनुसार, जब्त कंटेनर (नंबर एमएच 23 डब्ल्यू 3368) की लंबाई 5 फीट वेल्डिंग कर बढ़ा दी गई थी। सामान्यतः कंटेनर की लंबाई 32 फीट, चौड़ाई 8 फीट और ऊंचाई 9 फीट निर्धारित होती है, लेकिन इस कंटेनर की लंबाई 37 फीट, चौड़ाई 10 फीट और ऊंचाई 11 फीट कर दी गई थी। यह परिवहन नियमों और मोटर वाहन अधिनियम 1988 का उल्लंघन है। तेजाजी नगर पुलिस की जांच में पता चला है कि इस तरह के करीब 70 से 80 ट्रक और कंटेनर औरंगाबाद में तैयार किए गए हैं। ये वाहन बिना अनुमति और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

# दिवाली पर जगमगाएंगे 'गोबर के स्वदेशी दीये'

## कलेक्टर शिवम वर्मा के नवाचार से गौशाला में उत्पादन प्रारम्भ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्वदेशी अभियान को नई दिशा देते हुए कलेक्टर शिवम वर्मा ने विशेष नवाचार की पहल की है। अब दीपावली पर इंदौर के घर-घर में पवित्र गाय के गोबर से बने दीये जल सकेंगे। इसके लिए नगर निगम की हातोद क्षेत्र स्थित गौशाला में दो मशीनें स्थापित की गई हैं, वहीं अगले कुछ दिनों में और मशीनें लगाई जाएंगी ताकि लाखों की संख्या में दीये समय पर तैयार हो सकें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुसार स्वदेशी अभियान को इस पहल से नई गति मिलेगी।**



इन दीयों की पैकिंग कर बाजार में भी उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर श्री वर्मा स्वयं इस अभियान की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों को इस कार्य से जोड़ा है तथा पशुपालन विभाग, नगर निगम और जिला पूर्ति नियंत्रक को प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। गौशाला के स्वामी अच्युतानंद जी महाराज ने भी इस कार्य में विशेष रुचि लेते हुए स्वयं की उपस्थिति में दीये बनाने की प्रक्रिया प्रारम्भ कराई है। विशेष साँचों से विविध आकार-प्रकार के गोबर के दीये तैयार किए जा रहे हैं। स्वामी जी ने इस नवाचार की सराहना की और कहा कि इससे स्वदेशी उत्पादों को नई दिशा मिलेगी।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने नागरिकों से अपील की है कि धनतेरस से लेकर दीपावली तक तथा इसके पश्चात भी आने वाले अन्य त्योहारों के दौरान भी पवित्र गोबर के दीये घर-घर में जलाएं। इससे न केवल स्वदेशी अभियान को बल मिलेगा बल्कि गायों के संरक्षण, गौशालाओं की आत्मनिर्भरता और सनातन परंपराओं के संरक्षण में भी आमजन की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

# 'विश्वास और श्रृद्धा रखोगे, तो भक्ति का अलग ही आनंद मिलेगा'

## भगवान और गुरुदेव की कृपा से मिली ऊर्जा : दलेर मेहंदी

**इंदौर। भक्ति करते समय मन में ये रखो कि फायदा होने वाला है। ये विश्वास और श्रद्धा रखोगे, तो भक्ति अपने-आप अच्छी हो जाएगी और इसका आनंद ही अलग आएगा। जीवन में आशीर्वाद बगैर कुछ नहीं होगा और भक्ति को पहले से ही जंचा कर रखो कि भक्ति ही काम आने वाली है।**

कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज ने मंगलवार की रात देवी भागवत कथा के दौरान अपने प्रवचन में ये बातें भक्तों से कही। उन्होंने सभी का जीवन के सफल, मंगलमय, सुख-समृद्धि और प्रगति की प्रार्थना की और कहा कि मां सभी की रक्षा करती है, इसलिए मां की भक्ति के लिए किसी को भी किसी के कहने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। आप सभी जाग जाएं और ऐसे जागे कि आपके जीवन में कल्याण ही कल्याण हो। इसपर भक्तों ने देवी और जगतगुरू के जयकारे लगाए। ये 'नवरात्रि महामहोत्सव' वीआईपी परस्पर नगर, इंदौर में 22 सितंबर से कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य



वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज के सानिध्य में चल रहा है। यहां हर दिन विशेष साधना, महायज्ञ, देवी भागवत कथा, प्रवचन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां हो रही है। ये अद्वितीय धार्मिक आयोजन 2 अक्टूबर तक चलेगा। मंगलवार को भी सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक विशेष साधना के बाद कुमकुम अर्चन, महायज्ञ में जाप के साथ 1 लाख विशेष आहुतियां दी गई।

### ◆ गुरू भक्त मंडल ने की आरती

देवी भागवत कथा से पहले मंगलवार की रात वसंत गुरू भक्त मंडल ने आरती लाभ लिया। कथा से पहले भक्त मंडल के तरूण सेठिया, जितेंद्र बाफना, राकेश जैन और अरविंद जैन ने आरती की। आरती के बाद शशांक तिवारी ने अपनी मधुर आवाज में श्री राम और श्री कृष्ण के भजन सुनाए।

### दलेर मेहंदी ने सुनाए मां के भजन



दलेर मेहंदी ने मंगलवार की रात स्टेज पर आकर जगतगुरु को प्रणाम कर कहा कि यह भगवान, मां पद्मावती और जगतगुरू की ही कृपा है कि डॉक्टर ने उन्हें नवंबर में गाने के लिए कहा है, लेकिन आज वह स्टेज से मां के भजनों को सुनने वाले हैं। वह पूरी श्रद्धा और दिल से हाजिरी लगाने के लिए आए हैं। दलेर मेहंदी ने भजन महकती दिशाएं... यह सांसों की हलचल... रहती है पल-पल... नमो नमो..., से शुरुआत की। उसके बाद दे दो जो कुछ देना है... मैया जी तेरा क्या कहना..., सोना सोना रूप माई दा..., मेरा सहारा तू है मां... सबका सहारा तू है मां..., नवरात्रि की ये रात है... वसंत गुरुजी का भी साथ है..., झोलियाँ भी भरती... सारे दुख हरती..., अम्बा अम्बा जगदम्बा... भजन सुनाए, जिस पर भक्त भी भक्ति भाव में जमकर झूमे।

### ◆ 3 किलोमीटर के दायरे में फुल हुए होटल

आयोजन के लिए देश के 20 राज्यों सहित 20 देशों से भक्त और अनुयायी पहले दिन से इंदौर में हैं, जो सुबह से देर रात तक भक्तिभाव के साथ आयोजन का लाभ ले रहे हैं और सेवाकार्य भी कर रहे हैं। आए कई भक्तों के लिए तो यहीं व्यवस्था की गई है, लेकिन कई आसपास अपने खर्च पर रूके हुए हैं। आयोजन स्थल के तीन किलोमीटर के दायरे में स्थित होटल भी इस कारण फुल है। भक्तों की भीड़ भी अब यहां बेतहाशा रूप से बढ़ती जा रही है।

## भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत् जन सामान्य के स्वास्थ्य के हित एवं लोक शांति बनाये रखने हेतु इन्दौर जिले की राजस्व सीमा में ग्लिटर/कन्फेट्टी/माईलर के उपयोग के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। जारी आदेशानुसार इन्दौर जिले में आगामी धार्मिक त्यौहारों के जुलूस एवं विविध सार्वजनिक आयोजनों को ध्यान में रखते हुए जिले में ग्लिटर/कन्फेट्टी/ माईलर के उपयोग को प्रतिबंधित किया गया है।

यह आदेश 01 अक्टूबर 2025 से 28 नवम्बर 2025 तक प्रभावशील रहेगा। यदि कोई व्यक्ति उपर्युक्त आदेश का उल्लघंन करेगा तो उसके विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा-223 के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर अभियोजन किया जायेगा। उपर्युक्त प्रतिबंध विधि एवं व्यवस्था संबंधी ड्युटी में संलग्न अधिकारी, कर्मचारी एवं पुलिस कर्मियों तथा सुरक्षा हेतु नियुक्त कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा तथा यह प्रतिबंध अन्य किसी नियम/आदेश के प्रतिबंधों के अतिरिक्त होंगे। यह प्रतिबंध आयुक्त नगर निगम इन्दौर के प्रतिवेदन के आधार पर लगाया गया है। प्रतिवेदन में बताया गया है कि भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय द्वारा स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के दृष्टिगत् प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट नियम 2016 एवं संशोधन नियम-2021 के क्रम में नगर पालिक निगम इन्दौर द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले जुलूस, बैठकों एवं समारोह (जन्मदिन, विवाह, धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि) में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लागू है। इसके पश्चात् भी वर्तमान में शहर के विभिन्न आयोजनों में ग्लिटर/ कन्फेट्टी/ माईलर का लगातार उपयोग देखा जा रहा है, जिससे सूक्ष्म कण वायु में फैलकर प्रदूषण बढ़ाते है तथा सड़क व सार्वजनिक स्थलों पर दीर्घकालिक कचरा उत्पन्न कर स्वच्छताकर्मियों के लिए सफाई कार्य को अत्यन्त कठिन बना देते है। उक्त स्थिति को देखते हुए ग्लिटर/ कन्फेट्टी/ माईलर पर प्रतिबंध लगाये जाने के संबंध में प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिवम वर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत् जन सामान्य के स्वास्थ्य के हित एवं लोक शांति बनाये रखने हेतु इन्दौर जिले की राजस्व सीमा में ग्लिटर/ कन्फेट्टी/माईलर के उपयोग के संबंध में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है।

## माता के दर्शन के लिए निकले दो युवकों की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाडिया इलाके में मंगलवार देर रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि उनका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। युवक देवास में माता के दर्शन के लिए निकले थे। हादसा इतना भयावह था कि एक युवक का सिर पूरी तरह पिचक गया। रात में पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।**

पुलिस के अनुसार, हादसा होटल प्राइड के पास हुआ, जहां पीयूष सेन (23) पुत्र सुनील सेन निवासी इदरीस कॉलोनी और अंकुश लोदवाल, पुत्र दीपक लोदवाल की मौत हो गई। हादसे में तीसरा युवक दिलीप गंभीर रूप से घायल हुआ है। तीनों युवक रात करीब दो बजे एक खड़े ट्रक से टकरा गए। ट्रक में ईंटें भरी हुई थीं। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस के अनुसार, टक्कर इतनी तेज थी कि अंकुश के सिर के चिथड़े उड़ गए, वहीं पीयूष की मौके पर ही मौत हो गई। दिलीप को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि तीनों दोस्त देवास में माता दर्शन के लिए निकले थे। लेकिन रास्ते में यह हादसा हो गया। हादसे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन ट्रक रोड किनारे खड़ा था और युवकों की बाइक सीधे उसमें घुस गई। पीयूष सेन के परिजनों ने बताया कि वह रात 11 बजे घर से देवास जाने का कहकर निकला था। उस रात उसने खाना नहीं खाया था, इस पर मां ने उसे टोका भी था। पीयूष एक ऑयल कंपनी में काम करता था। दो साल पहले उसके पिता घर छोड़ चुके हैं, जबकि बड़ा भाई गांव में रहता है। अंकुश मकान निर्माण के काम से जुड़ा था। वहीं, दिलीप के बारे में विस्तृत जानकारी अभी नहीं मिल सकी है।

## सॉफ्टविजन कॉलेज फिल्मी गानों पर करा रहा था गरबा

### ◆ बजरंग दल का हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कनाड़िया इलाके में मंगलवार रात सॉफ्ट विजन कॉलेज द्वारा आयोजित गरबा उत्सव में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया। बरसाना गार्डन में हो रहे इस आयोजन में कार्यकर्ताओं का आरोप था कि फिल्मी गानों पर गरबा किया जा रहा है और देर रात अश्लीलता की जा रही थी। पुलिस आयोजन की परमिशन को लेकर आयोजकों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर रही है।**



बजरंग दल के विभाग संयोजक प्रवीण दरेकर को इस आयोजन की जानकारी मिली थी। उन्हें बताया गया था कि उत्सव में फिल्मी गाने बजाए जा रहे हैं और अश्लीलता की जा रही है। वे साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और कॉलेज प्रशासन ने गरबा कर रहे सभी युवकों को बाहर लाने को कहा। सूचना मिलने पर कनाड़िया टीआई सहर्ष यादव भी मौके पर पहुंचे, जहां उनकी बजरंग दल कार्यकर्ताओं से बहस हो गई। कार्यकर्ताओं ने गार्डन में चल रहे आयोजन को लेकर परमिशन की बात की, तो टीआई नहीं बता पाए। इससे आयोजन को लेकर पुलिस पर सवाल उठे। बाद में एसीपी कुंदन मंडलोई भी पहुंचे और कॉलेज स्टाफ के कुछ लोगों को थाने ले गए।

## नवमी पर जगह-जगह हुआ कन्यापूजन

**इंदौर।** नवरात्रि का पर्व इंदौर में पूरे उत्साह और भक्तिभाव के साथ मनाया जा रहा है। बुधवार को नवमी के पर्व पर जगह-जगह कन्या पूजन का आयोजन किया गया। कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। मंदिरों के साथ ही कई घरों में कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन हुआ। इधर, सुबह से ही शहर के माता मंदिरों में भक्तों के आने का सिलसिला जारी रहा। मंदिरों में सुबह से ही भक्तों के भीड़ नजर आए। भक्तों ने माता मंदिरों में मां की आराधना कर उनका आशीर्वाद लिया। इंदौर के प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर में नवमी के पर्व पर कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में बने अन्नक्षेत्र में मंदिर के मुख्य पुजारी पं.दीपेश व्यास व परिजन द्वारा करीब 150 कन्याओं का पूजन किया गया। जिसके बाद उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

## युवक ने की महिला से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। चंदन नगर में एक महिला के साथ वर्ग विशेष के व्यक्ति ने छेड़छाड़ कर दी। महिला मजदूर चौक पर खड़ी थी। इसी दौरान आरोपी ने पहले उसे अश्लील इशारे किए थे। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को हिरासत में ले लिया है।**

चदंन नगर पुलिस के मुताबिक घटना जवाहर टेकरी की है। यहां मजदूर महिला ने बताया कि दोपहर में वह शराब दुकान के पास खड़ी थी। तभी वहां पर वसीम नाम का व्यक्ति आया और अश्लील इशारे करने लगा। उसे टोका तो आरोपी नजदीक आ गया। इसके बाद उसने हाथ पकड़कर गलत हरकत की ओर कहा कि वह उससे बात करना चाहता है। महिला ने उसे कहां वह उसे जानती। तब आरोपी ने अपना परिचय दिया और जबदस्ती साथ में चलने की बात करने लगा। महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। इस दौरान वसीम वहां से भाग गया। महिला के पति को जानकारी लगी। दंपती थाने पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने देर रात आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर, गुरुवार 02 अक्टूबर, 2025



# एमपी में 3-4 अक्टूबर को भारी बारिश का अलर्ट

## इंदौर-जबलपुर समेत 5 संभाग में असर, आज दशहरे पर भी पानी गिरने के आसार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मानसून की विदाई के बीच मध्यप्रदेश में अगले 4 दिन बारिश का अलर्ट है। 3 और 4 अक्टूबर को इंदौर, जबलपुर, नर्मदापुरम, रीवा और शहडोल संभाग के जिलों में भारी बारिश हो सकती है। वहीं, गुरुवार को दशहरे के दिन भी कई जिलों में पानी गिरने के आसार है।**

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया, पश्चिमी हिस्से में एक लो प्रेशर एरिया (निम्न दाब क्षेत्र) एक्टिव है। वहीं, एक ट्रफ भी गुजर रही है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) का 3 और 4 अक्टूबर से ज्यादा असर देखने को मिल सकता है। इस वजह से भारी बारिश का दौर रहेगा।



प्रदेश के 12 जिलों से मानसून विदा हो चुका है। इनमें ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर और रतलाम भी शामिल हैं। राजगढ़ और अशोकनगर के कुछ हिस्से से मानसून विदा हुआ है। मौसम विभाग की माने तो मानसून की वापसी के लिए अभी परिस्थिति अनुकूल नहीं है, लेकिन 10 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश से मानसून विदाई ले लेगा।

बता दें कि इस साल मानसून ने मध्यप्रदेश में 16 जून को दस्तक दी थी। समय से एक दिन बाद मानसून प्रदेश में एंटर हुआ था। मौसम विभाग के अनुसार, 6 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी जिलों से मानसून विदा हो जाता है, लेकिन नया सिस्टम बनने से विदाई की तारीख आगे भी बढ़ सकती है।

### गुना में सबसे ज्यादा बारिश

इस बार गुना में सबसे ज्यादा पानी गिरा है। 65.6 इंच बारिश दर्ज हुई। मंडला-रायसेन में 62 इंच से अधिक और श्योपुर-अशोकनगर में 56 इंच से ज्यादा बारिश हो चुकी है। वहीं, शाजापुर, खरगोन, खंडवा, बड़वानी और धार सबसे कम बारिश वाले टॉप-5 जिलों में शामिल हैं। शाजापुर में 28.9 इंच, खरगोन में 29.6 इंच, खंडवा में 32 इंच, बड़वानी में 33.5 इंच और धार में 33.6 इंच पानी गिरा है।

### इंदौर संभाग की तस्वीर भी सुधरी

इस मानसूनी सीजन में शुरुआत से ही इंदौर और उज्जैन संभाग की स्थिति ठीक नहीं रही। एक समय तो इंदौर में प्रदेश की सबसे कम बारिश हुई थी। ऐसे में अटकलें थीं कि क्या इस बार इंदौर में सामान्य बारिश भी होगी? लेकिन सितंबर महीने में तेज बारिश की वजह से इंदौर में सामान्य बारिश का कोटा पूरा हो गया। संभाग के सभी जिलों में भी बारिश की बेहतर तस्वीर हो गई। दूसरी ओर, उज्जैन जिले में अब भी कोटा पूरा नहीं हुआ। सबसे कम बारिश वाले जिलों में शाजापुर पहले नंबर पर है।

---

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ की मांग

## दीपावली पर कर्मचारियों को बोनस और तीन % महंगाई भत्ता दे सरकार

**भोपाल। मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने सरकार से मांग की है कि प्रदेश के कर्मचारियों को दीपावली के अवसर पर केंद्र सरकार की तर्ज पर बोनस और 3% महंगाई भत्ता/महंगाई राहत प्रदान की जाए। संघ का कहना है कि इससे प्रदेश के करीब 10 लाख कर्मचारियों को आर्थिक राहत मिलेगी और त्योहार की खुशियां दोगुनी होंगी।**

संघ के महामंत्री उमाशंकर तिवारी ने बताया कि केंद्र एवं रेलवे ने अपने कर्मचारियों को दीपावली पर बोनस और 3% महंगाई भत्ता प्रदान कर दिया है। केंद्र के एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों को यह लाभ दिया गया है। इसी तरह प्रदेश सरकार भी अपने कर्मचारियों को लाभ पहुंचाए।

### 1996 से बंद है बोनस

तिवारी ने कहा कि प्रदेश में कर्मचारियों को 1996 तक 1,079 रुपये बोनस मिलता था, लेकिन



उसके बाद से यह बंद कर दिया गया। आज भी केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को बोनस देती है, जबकि मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को इससे वंचित रखा गया है। यह सरकार की कथनी और करनी में अंतर को दर्शाता है।

### 55% महंगाई भत्ता मिल रहा और चाहिए राहत

फिलहाल प्रदेश कर्मचारियों को 55% की दर से महंगाई भत्ता मिल रहा है। संघ का कहना है कि खर्चों में बढ़ोतरी के कारण दीपावली पर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ पड़ता है। ऐसे में सरकार को बोनस के साथ 3% महंगाई भत्ता/महंगाई राहत प्रदान करनी चाहिए।

---

मुख्यमंत्री ने वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में किया राज्य स्तरीय वन्य जीव सप्ताह-2025 का शुभारंभ

## देश के आदर्श उदाहरण होंगे राष्ट्रीय उद्यानों के पास वन्य जीवों के लिए बनने वाले जू एंड रेस्क्यू सेंटर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि वन्य जीव हमारी प्राकृतिक पूंजी हैं, जो जंगल और पर्यावरण की रोशनी हैं। मानव और वन्य जीवों का सहअस्तित्व ही प्रकृति के संतुलन का वास्तविक प्रतीक है। हम 'जियो और जीने दो' की भावना के साथ सबके जीवन विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। वन्य जीवों के संरक्षण के प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।**

वन्य जीव हमारे लौकिक जगत की अलौकिक धरोहर हैं। ये केवल साधारण जीव नहीं हैं। वे प्रकृति की अद्वितीय रचनाएं हैं, जिनमें एक अद्भुत सौंदर्य, रहस्य और सामंजस्य छिपा है। उनका अस्तित्व मानव सभ्यता और प्रकृति के बीच गहरे संतुलन की जीवित विरासत है। वन्य



जीवों की उपयोगिता, सुंदरता और पर्यावरणीय महत्व हमारी साधारण समझ से कहीं अधिक गहरे और दिव्य हैं। ये न केवल हमारे पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखते हैं,बल्कि हमें आध्यात्मिक आनंद, सौंदर्यबोध और जीवन की विविधता का अनुभव भी कराते हैं। इसलिए उनका संरक्षण केवल पारिस्थितिक आवश्यकता नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जिम्मेदारी भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में राज्य स्तरीय वन्य जीव सप्ताह-2025का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के पर्यटक वाहन सफारी और वन विहार के 40 से अधिक पर्यटक वाहन (ई-व्हीकल्स) का लोकार्पण किया। साथ ही कार्यक्रम स्थल में भारत के वन्यजीव "उनका रहवास एवं आपसी संचार" विषय पर केन्द्रित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने वन और वन्य जीवों के प्रति जन जागरूकता प्रसार में योगदान देने वाले 9 शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों एवं 1 वन्य प्राणी रेस्क्यू दल को वन्यजीव संरक्षण पुरस्कार भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी टाइगर रिजर्व्स में पर्यटन बढ़ने से प्राप्त आय में से वित्त वर्ष 2024-25 के लाभांश के रूप में प्रतीकात्मक रूप से 5 ईको विकास समितियों को पात्रतानुसार पुरस्कार राशि देकर पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री ने वन्यजीव-मानव सहअस्तित्व पर केन्द्रित एक पुस्तक एवं पोस्टर सहितगिद्धों के संरक्षण पर वन विभाग द्वारा तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट का विमोचन भी किया।

---

तेज रफ्तार कार ने बाइक को 50 मीटर तक घसीटा

## पति-पत्नी और बेटे की दर्दनाक मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** राजधानी भोपाल के ग्रामीण क्षेत्र बैरसिया के तरावली जोड़ के पास एक तेज रफ्तार कार चालक ने एक बाइक सवार पूरे परिवार को रौंदकर समाप्त कर दिया। हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी और बेटे की मौत हो गई। एक्सीडेंट में बेटी गंभीर रूप से घायल है। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने कार पर पथराव का कांच फोड़ दिए। घटना बुधवार शाम करीब चार बाद घटित गई है। हादसे के बाद आरोपी कार चालक मौके से फरार हो गया है। पुलिस ने कार जब्त कर नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 35 वर्षीय प्रदीप शाक्य करोंद इलाके में रहते थे और बुधवार दोपहर पत्नी राधा, बेटा अंशु और बेटी पूर्वी के साथ बैरसिया क्षेत्र में रहने वाले एक रिश्तेदार के यहां गए हुए थे।

---

## प्रदेश कांग्रेस को फिर लगा 'पुराना रोग', पार्टी के पुराने दिग्गज उठाने लगे समन्वय को लेकर सरेआम सवाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** हाईकमान व वरिष्ठ नेताओं की लाख कोशिशों के बावजूद मध्य प्रदेश कांग्रेस में गुटबाजी खत्म नहीं हो रही है। वर्षों से मध्य प्रदेश में कांग्रेस इस रोग से ग्रसित है। इसी वजह से कांग्रेस की 15 माह की कमलनाथ सरकार भी गिर गई थी। अंतर्कलह को दूर करने के लिए पार्टी ने दूसरी पीढ़ी के नेताओं को आगे किया, लेकिन बीच बीच में कांग्रेस की गुटबाजी फिर से सामने आने लगी है। जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद पार्टी के कई नेता नियुक्तियों पर बवाल मचा है। अब हाल ही में दिग्विजय सिंह के बिना सूचना के इंदौर पहुंचने पर जिला अध्यक्ष ने सवाल उठाए हैं। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की कार्यप्रणाली लगातार सवालों के घेरे में आ रही है। कमलेश्वर



पटेल के बाद अब अरुण यादव ने पार्टी में समन्वय को लेकर सरेआम सवाल उठाए हैं। हाल ही में इंदौर के शीतलामाता बाजार की कपड़ा दुकानों से मुस्लिमों नौकरी से निकालने की विधायक पुत्र एकलव्य सिंह गौड़ की चेतावनी को लेकर चल रहे विवाद के बीच पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह सीधे बाजार में पहुंच गए थे। उनके शहर कांग्रेस इकाई को सूचना दिए बिना सीधे प्रदर्शन में भाग लेने को लेकर पार्टी के भीतर विरोध सामने आया। इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने बिना नाम लिए भोपाल से आने वाले नेताओं पर बिना सूचना कार्यक्रम करने पर आपत्ति जताई। इसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव ने लिखा कि पार्टी एवं पार्टी की विचारधारा के लिए वैचारिक और सतही संघर्ष आज समय की मांग है। सिर्फ भाषणों एवं बयानों से जहरीली विचारधाराओं से संघर्ष कर पाना नामुमकिन है। सभी को साथ रख कर अपनी विचारधारा को लेकर समन्वय और एकजुटता से हम संघर्ष करेंगे। तभी प्रदेश में हमारी सरकार बनाने का सपना साकार होगा। जिस साहस और ईमानदारी के साथ हमारे नेता राहुल गांधी संघर्ष कर रहे हैं, उसका एक प्रतिशत भी मध्य प्रदेश में हम अंगीकार कर लें तो संघर्ष की राह आसान हो जाएगी।

## संपादकीय

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला

100 वर्ष पूर्व विजयदशमी के महापर्व पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना हुई थी। ये हजारों वर्षों से चली आ रही उस परंपरा का पुनर्स्थापन था, जिसमें राष्ट्र चेतना समय-समय पर उस युग की चुनौतियों का सामना करने के लिए, नए-नए अवतारों में प्रकट होती है। इस युग में संघ उसी अनादि राष्ट्र चेतना का पुण्य अवतार है। ये हमारी पीढ़ी के स्वयंसेवकों का सौभाग्य है कि हमें संघ के शताब्दी वर्ष जैसा महान अवसर देखने मिल रहा है। मैं इस अवसर पर राष्ट्रसेवा के संकल्प को समर्पित कोटि-कोटि स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं देता हूं। मैं संघ के संस्थापक, हम सभी के आदर्श परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी के चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। संघ की 100 वर्षों की इस गौरवमयी यात्रा की स्मृति में भारत सरकार ने विशेष डाक टिकट और स्मृति सिक्के भी जारी किए हैं। जिस तरह विशाल नदियों के किनारे मानव सभ्यताएं पनपती हैं, उसी तरह संघ के किनारे भी सैकड़ों जीवन पुष्पित-पल्लवित हुए हैं। जैसे एक नदी जिन रास्तों से बहती हैं, उन क्षेत्रों को अपने जल से समृद्ध करती है, वैसे ही संघ ने इस देश के हर क्षेत्र, समाज के हर आयाम को स्पर्श किया है। जिस तरह एक नदी कई धाराओं में ख़ुद को प्रकट करती है, संघ की यात्रा भी ऐसी ही है। संघ के अलग-अलग संगठन भी जीवन के हर पक्ष से जुड़कर राष्ट्र की सेवा करते हैं। शिक्षा, कृषि, समाज कल्याण, आदिवासी कल्याण, महिला सशक्तीकरण, समाज जीवन के ऐसे कई क्षेत्रों में संघ निरंतर कार्य करता रहा है। हर संगठन का उद्देश्य एक ही है, भाव एक ही है....राष्ट्र प्रथम। अपने गठन के बाद से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र निर्माण का विराट उद्देश्य लेकर चला। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए संघ ने व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का रास्ता चुना और जो कार्यपद्धति चुनी वो थी नित्य-नियमित चलने वाली शाखाएं। संघ शाखा का मैदान, एक ऐसी प्रेरणा भूमि है, जहां से स्वयंसेवक की अहम् से वयं की यात्रा शुरू होती है। संघ की शाखाएं व्यक्ति निर्माण की यज्ञवेदी हैं। राष्ट्र निर्माण का महान उद्देश्य, व्यक्ति निर्माण का स्पष्ट पथ और शाखा जैसी सरल, जीवंत कार्यपद्धति यही संघ की सौ वर्षों की यात्रा का आधार बने। इन्हीं स्तंभों पर खड़े होकर संघ ने लाखों स्वयंसेवकों को गढ़ा, जो विभिन्न क्षेत्रों में देश को आगे बढ़ा रहे हैं। संघ जब से अस्तित्व में आया, संघ के लिए देश की प्राथमिकता ही उसकी अपनी प्राथमिकता रही। आज़ादी की लड़ाई के समय परम पूज्य डॉक्टर हेडगेवार जी समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में हिस्सा लिया, डॉक्टर साहब कई बार जेल तक गए। आजादी की लड़ाई में कितने ही स्वतंत्रता सेनानियों को संघ संरक्षण देता रहा। उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करता रहा। आजादी के बाद भी संघ निरंतर राष्ट्र साधना में लगा रहा। इस यात्रा में संघ के खिलाफ साजिशें भी हुईं, संघ को कुचलने का प्रयास भी हुआ। ऋषितुल्य परम पूज्य गुरु जी को झूठे केस में फंसाया गया। लेकिन संघ के स्वयंसेवकों ने कभी कटुता को स्थान नहीं दिया। क्योंकि वो जानते हैं, हम समाज से अलग नहीं हैं, समाज हमसे ही तो बना है। समाज के साथ एकात्मता और संवैधानिक संस्थाओं के प्रति आस्था ने संघ के स्वयंसेवकों को हर संकट में स्थितप्रज्ञ रखा है, समाज के प्रति संवेदनशील बनाए रखा है। प्रारंभ से संघ राष्ट्रभक्ति और सेवा का पर्याय रहा है। जब विभाजन की पीड़ा ने लाखों परिवारों को बेघर कर दिया, तब स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की सेवा की। हर आपदा में संघ के स्वयंसेवक अपने सीमित संसाधनों के साथ सबसे आगे खड़े होते रहे। यह केवल राहत नहीं थी, यह राष्ट्र की आत्मा को संबल देने का कार्य था। खुद कष्ट उठाकर दूसरों के दुख हरना - ये हर स्वयंसेवक की पहचान है। आज भी प्राकृतिक आपदा में हर जगह स्वयंसेवक सबसे पहले पहुंचने वालों में रहते हैं। अपनी 100 वर्षों की इस यात्रा में, संघ ने समाज के अलग-अलग वर्गों में आत्मबोध जगाया, स्वाभिमान जगाया। संघ देश के उन क्षेत्रों में भी कार्य करता रहा है जो दुर्गम हैं, जहां पहुंचना सबसे कठिन है। संघ दशकों से आदिवासी परंपराओं, आदिवासी रीति-रिवाज, आदिवासी मूल्यों को सहेजने-संवारने में अपना सहयोग देता रहा है, अपना कर्तव्य निभा रहा है। आज सेवा भारती, विद्या भारती, एकल विद्यालय, वनवासी कल्याण आश्रम - आदिवासी समाज के सशक्तीकरण का स्तंभ बनकर उभरे हैं। समाज में सदियों से घर कर चुकी जो बीमारियां हैं, जो ऊंच-नीच की भावना है, जो कुप्रथाएं हैं, ये हिंदू समाज की बहुत बड़ी चुनौती रही हैं। ये एक ऐसी गंभीर चिंता है, जिस पर संघ लगातार काम करता रहा है। डॉक्टर साहब से लेकर आज तक, संघ की हर महान विभूति ने, हर सर-संघचालक ने भेदभाव और छुआछूत के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। परम पूज्य गुरु जी ने निरंतर 'न हिंदू पतितो भवेत्' की भावना को आगे बढ़ाया। पूज्य बाला साहब देवरस जी कहते थे- छुआछूत अगर पाप नहीं, तो दुनिया में कोई पाप नहीं! सरसंघचालक रहते हुए पूज्य रज्जू भैया जी और पूज्य सुदर्शन जी ने भी इसी भावना को आगे बढ़ाया।

## धर्म-कर्म

# आज दशहरा पर न लगेगी भद्रा न लगेगा पंचक

## जानें किस मुहूर्त में होगा रावण दहन

**2 अक्टूबर यानी आज दशहरा मनाया जाएगा. दशहरा या कहें विजयादशमी, यह त्योहार पूरे देश में बड़ी ही धूमधाम से मनाया जाता है. हर साल ये त्योहार अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है. मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीराम ने रावण का वध कर धर्म की स्थापना की थी. इसी वजह से पर्व को अच्छाई की जीत और बुराई के अंत का प्रतीक माना जाता है.**



भारत देश के हर में दशहरा को अलग-अलग रूपों में मनाया जाता है. जगह-जगह पर रामलीला का आयोजन होता है, जिसमें भगवान राम के जीवन और लंका युद्ध की झलक दिखाई जाती है. शाम के समय रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के विशालकाय पुतले दहन किए जाते हैं. तो चलिए जानते हैं कि दशहरा पर क्या पूजन मुहूर्त रहने वाला है और किस समय कल रावण का दहन होगा.

पंचांग के अनुसार, आश्विन मास की दशमी तिथि 1 अक्टूबर को शाम 7 बजकर 01 मिनट पर शुरू हुई और तिथि का समापन 2 अक्टूबर गुरुवार को शाम 7 बजकर 10 मिनट पर होगा. उदयातिथि के अनुसार, 2 अक्टूबर यानी आज दशहरा मनाया जाएगा.

### ◆ अस्त्र शस्त्र की पूजा का मुहूर्त

2 अक्टूबर की दोपहर 1 बजकर 21 मिनट से शुरू होकर दोपहर 3 बजकर 44 मिनट तक रहेगा. इसकी अवधि 2 घंटे 22 मिनट की रहेगी.

### ◆ पूजन का मुहूर्त

दोपहर 2 बजकर 09 मिनट से लेकर दोपहर 2 बजकर 56 मिनट तक रहेगा, जिसकी अवधि 47 मिनट की रहेगी.

### ◆ वाहन खरीदने का मुहूर्त

सुबह 10 बजकर 41 मिनट से दोपहर 1 बजकर 39 मिनट तक रहेगा.

दशहरा या कहें विजयादशमी के दिन रावण दहन हमेशा प्रदोष काल में किया जाता है. प्रदोष काल का समय सूर्यास्त के बाद शुरू होता है. इस दिन सूर्यास्त का समय शाम 6 बजकर 05 मिनट पर शुरू होगा और इसी के बाद से रावण दहन भी शुरू हो जाएगा.

### ◆ इन शुभ कार्यों के लिए अच्छा होता है दशहरे का दिन

मान्यताओं के अनुसार, दशहरा को नए कार्यों की शुरुआत के लिए शुभ माना जाता है. इस दिन घर में समृद्धि लाने वाले काम किए जाते हैं और लोग अपने बच्चों की पढ़ाई या व्यवसाय की शुरुआत का संकल्प लेते हैं. इसे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और सफलता की राह खोलने वाला दिन माना गया है.

### ◆ दशहरा के दिन किसकी होती है पूजा ?

दशहरा या विजयादशमी का दिन धार्मिक दृष्टि से बेहद खास माना जाता है. इस दिन केवल रावण दहन ही नहीं होता, बल्कि पूजा-अर्चना का भी विशेष महत्व है. पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, दशहरे पर मां दुर्गा, भगवान श्रीराम और शस्त्रों की पूजा की जाती है.

### ◆ दशहरे पर कैसे की जाती है पूजा ?

दशहरे के दिन प्रातःकाल स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करने के बाद लोग घर या मंदिर में पूजा की तैयारी करते हैं. सबसे पहले भगवान श्रीराम और मां दुर्गा का स्मरण करके पूजा का संकल्प लिया जाता है. संकल्प के बाद देवी-देवताओं को फूल, फल, धूप-दीप और प्रसाद अर्पित किया जाता है. इस दिन नवरात्र का समापन भी होता है, इसलिए मां दुर्गा की विशेष आराधना का विधान है.

दशहरे का एक प्रमुख अनुष्ठान शस्त्र पूजन भी है, जिसे आयुध पूजन कहा जाता है. परंपराओं के अनुसार, इस दिन योद्धा अपने शस्त्रों की पूजा करते थे ताकि युद्ध में विजय प्राप्त हो. वहीं, कई स्थानों पर दशहरे की शाम को रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन करने से पहले राम दरबार की विशेष पूजा और आरती की जाती है.

New Delhi

# मानव इतिहास की दिशा बदल दी, पीएम मोदी ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** महात्मा गांधी की जयंती के मौके पर गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजघाट पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा वह विजयघाट भी पहुंचे, जहां उन्होंने भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा को बदल दिया है।

पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, 'गांधी जयंती प्रिय बापू के असाधारण जीवन को श्रद्धांजलि देने का दिन है। उनके आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी। उन्होंने दिखाया है कि कैसे साहस और सादगी से बड़े



बदलाव लाए जा सकते हैं। वह सेवा और करुणा को लोगों को सशक्त बनाने का बड़ा जरिया मानते थे। हम विकसित भारत बनाने के अपने काम में उनके दिखाए रास्ते पर चलेंगे।' जनजातीय कार्य मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर को सरकार एक लाख आदिवासी बहुल गांवों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित करेगी। इन गांवों में आदि सेवा पर्व के हिस्से के रूप में जनजातीय ग्राम विजन 2030 को समुदाय औपचारिक रूप से अपनाएंगे। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने कहा, 'प्रत्येक गांव में जनजातीय ग्राम विजन 2030 घोषणापत्र पारित करने से समुदायों को अपने विकास का सह-निर्माता बनने का अधिकार मिलता है।

Bihar

## बिहार में बाघ ने हमला कर बुजुर्ग को मार डाला, टाइगर रिजर्व से निकल गांव में घुसा; दहशत



**पश्चिम चंपारण, (एजेंसी)** बिहार के पश्चिम चंपारण जिले में बाघ के हमले में एक बुजुर्ग की मौत से लोगों में दहशत है। यहां वाल्मीकि टाइगर रिजर्व से सटे मंगरहा वन क्षेत्र के कैरी खेखरिया टोला गांव में बाघ ने एक स्थानीय ग्रामीण पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया। मृतक किसान की पहचान 61 साल के किशुन महतो के तौर पर हुई है। किशुन महतो की मौत के बाद अब इलाके के लोग इस बात को लेकर भी सहमे हुए हैं कि कहीं बाघ शिकार की तलाश में दोबरा गांव की तरफ ना आ जए। इधर मृतक किशुन महतो के परिवार में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है कि किशुन कुछ चरवाहों के साथ अपने भैसों को चराने के लिए बुधवार की दोपहर पंडयी नदी के किनारे गए थे। शाम को करीब 5 बजे जब सभी चरवाहे अपने पशुओं को लेकर लौट रहे थे तब ही झाड़ियों में छिपे बाघ ने अचानक किशुन पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से सभी चरवाहे घबरा गए और उन्हें संभलने तक का मौका नहीं मिला। बताया जा रहा है कि बाघ ने किशुन को जबड़े में जकड़ लिया औऱ जंगल की ओर ले गया। इधर इस घटना से अन्य चरवाहे खौफ में आ गए। सहमे चरवाहों ने गांव पहुंचकर लोगों को इसकी जानकारी दी। ग्रामीणों ने वन विभाग को भी इसकी जानकारी दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से सर्च ऑपरेशन शुरू किया।

Rajasthan

## जयपुर में रावण के पुतले बहे



**जयपुर, (एजेंसी)** देशभर से मानसून मंगलवार को खत्म हो गया, लेकिन बारिश का दौर जारी है। राजस्थान में बुधवार को तेज बारिश का अलर्ट है। जयपुर, सीकर सहित कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। जयपुर में 2 घंटे की बारिश से सड़कें तालाब बन गईं। जयपुर के इलाकों में 2 से 3 फीट पानी भर गया। दशहरा पर रावण दहन के लिए तैयार पुतले भी पानी में बहते दिखे। कोटा में 221 फीट ऊंचा रावण का पुतला भीग गया। दावा है कि यह दुनिया का सबसे ऊंचा रावण का पुतला है।

Chhattisgarh

# बच्चा गिराने का दबाव बनाया तो गर्लफ्रेंड ने प्रेमी का गला ही रेत दिया

**बिलासपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में दिल दहलाने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक प्रेमिका ने अपने प्रेमी का गला रेत उसे दर्दनाक मौत दी है। आरोपी लड़की ने खुद अपना जुर्म कबूल लिया है और बिलासपुर लौटकर अपनी मां को पूरी घटना बताई। प्रेमिका ने प्रेमी को मारने की वजह उसका बच्चा गिराने का लगातार दबाव बनाना और चाकू से मारने की धमकी देना बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, आरोपी नाबालिग लड़की बिलासपुर के कोनी थाना क्षेत्र की रहने वाली है। वह सद्दाम से मिलने के लिए 28 सितंबर को रायपुर आई थी। सद्दाम मूल रूप से बिहार का रहने वाला था और अभनपुर में एमएस इंजीनियरिंग अधिकारी के



रूप में काम करता था। यह जोड़ा शनिवार से लॉज में रुका हुआ था। जांच में पता चला कि उनके रिश्ते में तनाव था क्योंकि सद्दाम कथित तौर पर गर्भवती नाबालिग पर गर्भपात के लिए दबाव डाल रहा था। इतना ही नहीं, इससे पहले लॉज के बाहर एक झगड़े के दौरान उसने लड़की को चाकू से धमकाया भी था। 28 सितंबर की रात को, कथित तौर पर लड़की ने उसी धारदार हथियार का इस्तेमाल किया जिससे सद्दाम ने उसे धमकाया था। उसने सोते हुए सद्दाम का गला काट दिया। इसके बाद, वह कमरे को बाहर से बंद करके, उसका मोबाइल फोन लेकर भाग गई और बाद में चाबी रेलवे ट्रैक के पास फेंक दी।

खेल

# ऑस्ट्रेलिया का महिला विश्व कप में जीत के साथ आगाज, कीवियों को 89 रन से हराया, गार्डनर चमकीं

**इंदौर।** ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 89 रन से हरा दिया। बुधवार को इंदौर में खेले गए महिला वनडे विश्व कप के दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने एश्ले गार्डनर ने तूफानी शतकीय पारी की बदौलत 49.3 ओवर में 10 विकेट पर 326 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 43.2 ओवर में सिर्फ 237 रन ही बना पाई और ऑलआउट हो गई। उनके लिए कप्तान सोफी डिवाइन ने सर्वाधिक 111 रनों की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया के लिए सोफी मोलिनेक्स और एनाबेल सदरलैंड ने तीन-तीन विकेट झटके जबकि एलाना किंग ने दो सफलताएं अपने नाम कीं।

ऑस्ट्रेलिया के लिए तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड (26 रन देकर तीन विकेट) तथा एलाना किंग (44 रन देकर दो विकेट) और सोफी मोलिनेक्स (25 रन देकर तीन विकेट) की स्पिन जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड ने दूसरे ओवर




में बिना रन जुटाए अपनी दोनों सलामी बल्लेबाज सूजी बेट्स और जॉर्जिया प्लिमर के विकेट गंवा दिए थे। बेट्स जहां मोलिनू की गेंद पर बोल्ड हुई तो वहीं प्लिमर रन आउट हो गईं। इसके बाद अमेलिया केर और डिवाइन ने पारी को संभाला, पर टीम शुरूआती झटकों से उबरने में नाकाम रही। डेविने ने अमेलिया केर (33 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन, ब्रूक हालिडे (28 रन) के साथ चौथे विकेट के लिए 52 रन और इसाबेला गेज (28 रन) के साथ छठे विकेट के लिए 54 रन की भागीदारी निभाई। इतना ही काफी नहीं था और डिवाइन के आउट होते ही पूरी टीम जल्द ही सिमट गई। इससे पहले गार्डनर ने शतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया को 326 रन के बड़े स्कोर तक पहुंचने में मदद की। गार्डनर ने अपनी पारी के दौरान 83 गेंद का सामना करते हुए 16 चौके और एक छक्का लगाया। उनके अलावा फोबे लिचफील्ड ने 45 रन, किम गार्थ ने 38 रन और एलिस पैरी ने 33 रन का योगदान दिया।

न्यूजीलैंड के लिए जेस केर और ली ताहुहु ने तीन तीन जबकि ब्री इलिंग और अमेलिया केर ने दो दो विकेट झटके। गार्डनर 19वें ओवर में क्रीज पर उतरीं, तब ऑस्ट्रेलिया का स्कोर चार विकेट पर 113 रन था। उन्होंने महज 77 गेंद में अपना दूसरा वनडे शतक जड़ दिया और टीम के बड़े स्कोर की नींव रखी। अपना 81वां मैच खेल रही गार्डनर आखिर में 47वें ओवर में आउट हो गई लेकिन तब तक उन्होंने अपना सर्वश्रेष्ठ वनडे स्कोर बना लिया था और ऑस्ट्रेलियाई टीम भी 300 रन के पार पहुंच चुकी थी। इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने तेज शुरूआत की लेकिन चार ओवर में 20 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। कप्तान एलिस हीली (19) और फोबे लिचफील्ड (45) ने शानदार शुरुआत करते हुए आसानी से बाउंड्री लगाई। लेकिन हीली पांचवें ओवर में कवर पर सूजी बेट्स को कैच थमाकर ब्री इलिंग का शिकार हो गईं।

सिनेमा

## नहीं रहे पंडित छन्नूलाल मिश्र, 91 साल की उम्र में निधन, काशी में होगा अंतिम संस्कार



**वाराणसी।** पद्मविभूषण से अलंकृत विख्यात उपशास्त्रीय गायक पं. छन्नूलाल मिश्र का निधन हो गया है। गुरुवार भोर करीब साढ़े चार बजे उन्होंने मिर्जापुर में अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार काशी में किया जाना है। उनका पार्थिव शरीर बनारस लाने की तैयारी की जा रही है। उनकी छोटी पुत्री डॉ. नम्रता मिश्रा के अनुसार बुधवार देर रात पण्डित जी की तबीयत अचानक फिर से बिगड़ गई थी। उन्हें आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया। जहां भोर में करीब साढ़े चार बाजे चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पं. छन्नूलाल मिश्र के एकमात्र पुत्र तबला वादक पं. रामकुमार मिश्र भी दिल्ली से बनारस के लिए रवाना हो चुके हैं। तत्काल विमान में टिकट नहीं मिलने के कारण वह सड़क मार्ग से ही रवाना हो चुके हैं। उनके आज शाम चार बजे तक बनारस पहुंचने की संभावना है। आजमगढ़ में जन्मे पं. छन्नूलाल मिश्र ने बनारस घराने और किराना घराना की गायिकी के प्रमुख प्रतिनिधि थे। वर्ष 2000 में उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार, 2010 में पद्मभूषण और 2020 में पद्मविभूषण से अलंकृत किया गया था। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में वह वाराणसी संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र मोदी के प्रस्तावक थे। तीन वर्षों से वह मिर्जापुर में महंत शिवाला स्थित अपनी बेटी डॉ. नम्रता मिश्र के आवास पर रह रहे थे।

## Highlights

1. **PM Modi flags conspiracies to break unity, says govt dealing with challenges**
2. **Maha school accused of removing students' tilaks; notice issued**
3. **Those elected by corpses are ruling Kerala: Union Minister Gopi**
4. **Three TN workers die while cleaning a hotel septic tank in Kerala**

# GST revenue up 9% in September despite headwinds, crosses ₹1.89 lakh crore

**NEW DEIHI, (Agency).** Gross Goods and Services Tax revenue in September crossed ₹1.89 lakh crore — the seventh highest monthly collection since the GST regime was launched in July 2017 — posting a 9% annualised increase despite strong global headwinds.

Net revenue saw a modest 5% growth to ₹1.60 lakh crore, compared to ₹1.53 lakh crore in the same month last year, because of higher refunds, according to the government data released on Wednesday.

Total refunds in September jumped 40.1% to ₹28,657 crore as compared to ₹20,453 crore in September last year, which signified efficiency in tax administration, leading to




ease of business. "The government's focus on easing working capital blockage is commendable," said Saurabh Agarwal, tax partner at consultancy firm EY. According to experts, the September collection—which actually reflects the business activities of the previous month (August)—was not significantly affected by the GST rate cut announcement made on August 15. "The increase in gross GST collections to ₹1.89 lakh crore for the month indicates that there has not been any significant slowdown in economic activity in anticipation of the GST rate cuts during the month of August, as this data relates to transactions in that month," Deloitte India partner MS Mani said.

# RBI Monetary Policy highlights – from repo rate to a more 'global' rupee

**NEW DEIHI, (Agency).** In its 57th Monetary Policy Committee (MPC) meeting (Sept 29 – Oct 1, 2025), the Reserve Bank of India unveiled a balanced, growth-oriented stance while preserving price stability. Below are ten standout takeaways that matter for markets, borrowers and the broader economy:

1. Repo rate held steady at 5.50%: The RBI decided to maintain the policy repo rate at 5.50%, signalling that current conditions warrant continuity rather than further easing or tightening.

2. Neutral stance adopted: The MPC affirmed a "neutral" policy stance, reflecting that monetary policy will be responsive and data-driven, avoiding aggressive shifts unless warranted.



3. Operating target set as WACR (overnight call rate): Under the revised liquidity framework, the overnight weighted average call rate (WACR) becomes the operating target, replacing the earlier reliance on broader benchmarks.

4. Liquidity tools revamped: The RBI will emphasise 7-day repos and reverse repos for short-term liquidity management, stepping away from the 14-day VRRR (variable rate repos).

5. Advance notice for liquidity: In a move to enhance transparency, the RBI commits to giving the market at least one day's notice before conducting liquidity operations.

6. Credit flow support and cost reduction measures: The central bank announced five targeted actions to ease lending, especially for corporates and infrastructure sectors—aiming to improve access to capital and lower financing costs.

7. Upward revision of GDP growth outlook to 6.8%: With optimism about domestic demand, the RBI revised its real GDP forecast for FY 2025-26 upward to 6.8 %, showing confidence in the growth trajectory.

8. Measures to further internationalise the Indian Rupee: The RBI unveiled policies to promote the rupee's use in cross-border trade and transactions, aiming to reduce dependence on foreign currency and strengthen currency sovereignty.

## शीतला माता बाजार मामले में दिग्विजय सिंह की पोस्ट

# लिखा- एफआईआर नहीं होती तो अदालत जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के शीतला माता बाजार का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि यदि इस मामले में FIR दर्ज नहीं होती है तो वे कोर्ट का रुख करेंगे। दूसरी ओर, इंदौर पुलिस का कहना है कि फिलहाल जांच जारी है।**

इस पूरे घटनाक्रम का अहम पहलू यह है कि विधायक पुत्र एकलव्य सिंह गौड़ के कहने पर जिन मुस्लिम कर्मचारियों को व्यापारियों ने दुकानों से हटाया, वे अब तक पुलिस या प्रशासन के पास अपनी शिकायत लेकर नहीं पहुंचे हैं। वे सिर्फ कांग्रेस नेताओं से ही मुलाकात कर रहे हैं। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने सोशल मीडिया में पोस्ट करते हुए लिखा- बीजेपी का यह कदम न केवल असंवैधानिक है, बल्कि कानूनन अपराध भी है। दुख की बात यह है कि मध्यप्रदेश पुलिस, FIR दर्ज करने के बजाय आरोपियों को संरक्षण देती नजर आ रही है। 15 सितंबर 2025 को प्रभावित कारीगरों, दुकानदारों और इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने मिलकर पुलिस कमिश्नर को विधायक पुत्र पर FIR दर्ज करने के लिए प्रतिवेदन सौंपा था। लेकिन आज तक FIR दर्ज नहीं हुई। 27 सितंबर को जब उन्होंने स्वयं संबंधित थाने में जानकारी ली, तो स्थानीय एडिशनल कमिश्नर ने बताया कि 21 सितंबर को ही पुलिस कमिश्नर कार्यालय से वह प्रतिवेदन सराफा थाने को भेजा गया था। यानी, इंदौर जैसे शहर में आज के तकनीकी युग में इतने संवेदनशील मामले को थाने तक पहुंचने में एक सप्ताह लग गया। दिग्विजय सिंह के अनुसार, अब एडिशनल कमिश्नर FIR दर्ज करने के लिए दो सप्ताह का और समय मांग रहे हैं। यह पुलिस की संवेदनशील मामलों में गंभीरता पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि हम 5 अक्टूबर तक इंतजार करेंगे, यदि FIR दर्ज नहीं होती है तो अदालत का दरवाजा खटखटाएंगे।






स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक